




# 2 वर्षों में विकास कार्यों को गति मिली

## जिले के प्रभारी मंत्री ने बताईं उपलब्धियां, अंगदान करने वालों को गार्ड ऑफ आनर दिया जा रहा

नवभारत न्यूज

**सागर 13 दिसंबर. सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार विकास के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य कर रही है. सरकार द्वारा किसी भी क्षेत्र में कोई कमी नहीं छोड़ी गई है.**




उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता को में कहा विगत दो वर्षों में प्रदेश सरकार ने विकास कार्यों को गति प्रदान की है, केन-बेतवा लिंक परियोजना का कार्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से शुरु किया गया हैं. एक लाख करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली केन-बेतबा लिंक परियोजना के पूर्ण हो जाने से बुन्देलखंड के खेतों को सिंचाई हेतु जल एवं लोगों को पेयजल की उपलब्धता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी. उपमुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार कृषि, उद्योग, व्यापार, वाणिज्य, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है. विगत दिनों खजुराहो में आयोजित कैबिनेट बैठक में अनेक हितकारी निर्णय लिए गए. सागर के मसवासी ग्रांट क्षेत्र में 1500 एकड़ क्षेत्र में एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण, सागर को विकास की दिशा में आंगे ले जाएगा, इस औद्योगिक क्षेत्र के लिए लगभग 25000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं. उन्होने कहा कि इस औद्योगिक क्षेत्र के लिए लगभग 540 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है. इसके पूर्ण हो जाने से क्षेत्र के लगभग 29000 लोगों को रोजगार मिलेगा.

उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जिला अस्पताल एवं बीएमसी को और आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाएगा. बीएमसी में न्यूरोसर्जरी विभाग को मंजूरी से बीएमसी में सुपर स्पेशियलिटी फैकल्टी की उपलब्धता होगी. उन्होंने कहा कि बीएमसी में कैंसर अस्पताल के लिए 70 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है, साथ ही कैंसर उपचार के लिए 50 करोड़ रुपए की मशीन भी लाई जा रही है. उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पहले मध्यप्रदेश में अंग प्रत्यारोपण के लिए मरीजों को दूसरे प्रदेशों में जाना पड़ता था लेकिन वर्तमान में मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए सीएम केयर योजना चलाई गई है। अब मध्यप्रदेश में अंग प्रत्यारोपण के लिए अंग की उपलब्धता से मरीजों को त्वरित और समय पर अंग प्राप्त हो रहे हैं.

## हत्या के आरोपी पकड़े

**सागर.** नरयावली थाना क्षेत्र के शक्ति घाटी पहाड़ी पर मिले 40-45 वर्षीय अज्ञात शव की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए अंधा कत्ल का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. सूचनाकर्ता गोदन रैकवार द्वारा शव मिलने की सूचना पर चौकी जरूआखेड़ा में मर्ग दर्ज कर जांच की गई. मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया पर जानकारी वायरल की थी. जिसके बाद मृतक का नाम निरंजन सिंह राजपूत निवासी सरखड़ी थाना खुरई देहात के रूप में सामने आया. जांच में स्पष्ट हुआ कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने पत्थर पटककर हत्या की थी. सूचना के आधार पर आरोपियों रूपसिंह राजपूत, शैतानसिंह राजपूत को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया, जबकि तीसरे आरोपी राजेशसिंह राजपूत की धरपकड़ जारी है.

# यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुगम बनाने के लिए हटाया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**बीना 13 दिसंबर. नगर पालिका ने गांधी तिराहे से महावीर चौक, बड़ी बजरिया और कच्चा रोड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है.**

अतिक्रमण टीम ने सब्जी-फल विक्रेताओं को ठेले तय सीमा में लगाने की समझाइश दी, पक्के दुकानदारों को सड़क तक सामान नहीं फैलाने की चेतावनी दी. अभियान के दौरान महावीर चौक स्थित बर्तन दुकान संचालक मानक चंद्र जैन ने नगर पालिका की कार्रवाई का विरोध किया. उन्होंने दावा किया कि उनकी दुकान पूरी तरह सीमांकन के अंदर है, विवाद बढ़ने पर अधिकारियों ने जमीन के दस्तावेज मांगे और नपाई कराई.



नपाई में खुलासा हुआ कि दुकानदार ने रजिस्ट्री की सीमा से करीब दो फुट आगे सड़क की ओर बढ़ाकर मकान बना लिया है. आवासीय भवन का गोदाम के रूप में उपयोग जांच के दौरान यह भी सामने आया कि जिस भवन के लिए आवासीय अनुमति ली गई थी, उसका उपयोग गोदाम के रूप में किया जा रहा था. नगर पालिका अधिकारियों ने इसे नियमों का उल्लंघन और अनुमति की शर्तों का अतिक्रमण माना. स्थिति स्पष्ट होने के बाद नगर पालिका ने बर्तन दुकानदार को उसी शाम नोटिस थमाया. नोटिस में अवैध निर्माण हटाने और उपयोग परिवर्तन के लिए अनुमतियाँ लेने के निर्देश दिए गए, नपा ने चेतावनी दी कि तय समय में सुधार नहीं करने पर अतिक्रमण हटाया जाएगा. अभियान के दौरान आरआई कमल, इंजीनियर विवेक ठाकुर मौजूद थे.

## एक नजर में



### कॉलोनी की समस्याओं को लेकर ज्ञापन

**सागर.** बाघराज कॉलोनी की समस्याओं को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव व कांग्रेस पार्षद दल नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव के नेतृत्व में समस्या को लेकर प्रदर्शन कर ननि कमिश्नर को ज्ञापन दिया गया. ज्ञापन में बताया कॉलोनी में बिजली का बिल भरने के लिए एक माह का समय दिया जाए, बिल का भुगतान चार चरणों में किया जाए. इस दौरान पूर्व विधायक सुनील जैन, अमित रामजी दुबे, पार्षद शिवशंकर यादव, रोशनी खान, नीलोफर अंसारी, ताहिर खान, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रेखा सोनी, धर्मेंद्र चौधरी, आनंद हेला, महेश अहिरवार, नीरज चौरसिया शामिल हुए.




### विधिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

**बंडा.** ग्राम पंचायत चौका के ग्राम हिनौती में विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें अतिरिक्त जिला न्यायाधीश आशीष परसाई व्यवहार न्यायाधीश आशीष माथौरिया, बीएमओ योगेंद्र खटीक एवं स्वास्थ्य विभाग से बालाराम अहिरवार उपस्थित रहे. शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई, इसके साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य संबंधी शासकीय योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित अतिथियों ने दी, जिनमें आयुष्मान कार्ड से होने वाले लाभ की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई. अपर जिला सत्र न्यायाधीश आर एल शाक्य ने ग्रामीणों को जानकारी दी गई.



### भूमिहीन परिवारों को मिलेगा आवासीय भूखंड

**खुरई.** पूर्व मंत्री एवं विधायक खुरई भूपेंद्र सिंह के निर्देशों के परिपालन में नगर पालिका परिषद द्वारा नगरीय क्षेत्र में वर्षों से निवासरत भूमिहीन पात्र परिवारों को आवासीय भूखंड पट्टा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन आयोजित किया गया है. सीएमओ राजेश मेहतेले के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में उन्होंने संपूर्ण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए तथा शिविर में आने वाले प्रत्येक पात्र परिवार को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया. सीएमओ श्री मेहतेले ने कहा कि जो परिवार वर्षों से नगरीय क्षेत्र खुरई में निवासरत हैं वे अनिवार्य रूप से शिविर में पहुंचकर अपना आवेदन प्रस्तुत करें, नगर पालिका द्वारा पात्रता अनुसार आवासीय भूखंड का पट्टा उपलब्ध कराया जाएगा.



### खस्ता हाल भवन में बैठकर पढ़ने को मजबूर बच्चे

**बंडा.** चौका भेड़ा पंचायत अंतर्गत ग्राम हिनौती की एकीकृत माध्यमिक शाला के 20 से 25 बच्चे खस्ताहाल भवन में जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे हैं, शाला प्रभारी गोपाल साहू ने बताया कि शाला के मद से भवन की मरम्मत कराई गई थी, यदि शासन द्वारा अतिरिक्त कक्ष मिल जाता है तो बच्चों को पढ़ाई में सुविधा हो जाएगी, कई छात्रों की दस्तावेजो के अभाव में आईडी नहीं बन पाई है. जिसकी वजह से शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं. बीईओ सृष्टि जैन का कहना है कि खस्ताहाल भवन की जानकारी मिली है निरीक्षण कर कार्यवाही हेतु अधिकारियों को जानकारी दी जाएगी.

# निरीक्षण में नहीं मिले शिक्षक

नवभारत न्यूज

**सागर 13 दिसंबर. डीईओ अरविंद जैन द्वारा देवरी एवं रहली में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरझामर, पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल मढ़ी जमुनिया, हाईस्कूल रामपुर रहली एवं शासकीय हाईस्कूल पाटई रहली का निरीक्षण किया गया.**

गौरझामर निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत रजनीश दुबे उच्च माध्यमिक शिक्षक, रिचा गुप्ता उच्च माध्यमिक शिक्षक, छुट्टन सिंह धुर्वे व्याख्याता, दीपक कुमार भृत्य, ज्योति लखेरा एवं



निखिल खरे अनुपस्थित पाये गए. पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल मढ़ीजमुनिया निरीक्षण के दौरान विद्यालय में ओंकार प्रसाद लड़िया प्राथमिक शिक्षक, सौम्या दीक्षित अतिथि शिक्षक, कमलेश पटैल अतिथि शिक्षक एवं नीरज काछी अतिथि शिक्षक अनुपस्थित पाये गए. रामपुर निरीक्षण के दौरान विद्यालय में समस्त स्टॉफ उपस्थित पाया गया.

# बंडा के पहाड़ी इलाके में तेंदुए का विचरण

नवभारत न्यूज

**सागर 13 दिसंबर. जिले के बंडा में स्थित आसपास पहाड़ी और खेत क्षेत्रों में तेंदुए की संभावित मौजूदगी को लेकर लोगों में सतर्कता बढ़ गई है.**

बंडा बाइपास स्थित कॉलेज के पीछे की पहाड़ी पर एक वन्यजीव दिखाई देने का वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. प्राप्त जानकारी के अनुसार यह वीडियो एक निजी कंपनी के अधिकारी द्वारा साझा किया गया है, वीडियो वायरल होने के बाद आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों में सावधानी बरती जा रही



है, यह क्षेत्र पहाड़ी और जंगल से सटा हुआ है. तेंदुए की सूचना मिलने के बाद वन विभाग सतर्क हो गया है. विभागीय टीम ने जंगल और आसपास के क्षेत्रों में सर्च अभियान शुरू कर दिया है. अधिकारियों के अनुसार तेंदुए की सही लोकेशन का पता लगाने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके. बंडा-बांदरी मार्ग पर पजनारी के समीप खेतों में तेंदुए के देखे जाने की सूचना भी सामने आई है.

## स्थापना दिवस पर गौशाला में कार्यक्रम

**सागर.** जैन मिलन मुख्य शाखा के 33 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 14 दिसंबर रविवार को सुबह 9 बजे से रतौना गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में गौसेवा की जायेगी.

जैन मिलन मुख्य शाखा के संस्थापक सदस्य राजकुमार पड़ेले ने बताया कि आचार विद्या सागर गौसेवा केंद्र रतौना में आयोजित गौसेवा कार्यक्रम में शाखा के सदस्य उपस्थित होकर गौसेवा करेंगे.

# शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करें

नवभारत न्यूज

**सागर 13 दिसंबर. सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त नागरिक शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने हेतु निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने विभागवार समीक्षा बैठक आयोजित की.**

बैठक में उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण हो सके. निगमायुक्त ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान निगम



प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, अधिकारी एवं कर्मचारी शिकायतों की स्थिति पर सतत् निगरानी रखें तथा प्रत्येक शिकायत का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया जाए. निगमायुक्त ने लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा तथा आवश्यक होने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी.

## सागर ने मैच जीता

**सागर.** बमोरी रंगवा स्थित चंदू सरवटे एमपीसीए क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित तीन दिवसीय मुकाबले में सागर ने ग्वालियर को 10 विकेट से मात दी. सागर के गेंदबाज गौरांग कच्छावा और आर्यन जैन प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए. जानकारी के अनुसार टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ग्वालियर टीम सागर की सटीक गेंदबाजी के आगे संघर्ष करती रही और 63.2 ओवर में 149 रन बनाकर ढेर हो गई. कार्तिक बंसल और समय सिसोदिय ने प्रतिरोध जरूर दिखाया, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके. सागर की ओर से गौरांग कच्छावा ने 7 विकेट लेते हुए मैच का रूख पहली ही पारी में बदल दिया.




### पाइप लाइन फूटी, मोबाइल दुकान में पानी भरा

**सागर.** सागर जिला मुख्यालय पर स्थित भगवानगंज में पेयजल पाईप लाईन फूटने से सौरभ मोबाइल की दुकान में लगभग 4 फुट पानी भर गया है, नगर निगम की पाइपलाइन फूटने से लाखों रुपए के मोबाइल खराब हो गए.



# पंचायत चुनाव का प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 13 दिसंबर. निर्वाचन उत्तरार्द्ध को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से, मतदान दलों के अधिकारियों कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित किया गया.**

जिला मास्टर ट्रेनर डा अमर कुमार जैन ने बताया कि जिले में 2 जनपद सदस्य, 3 सरपंच एवं 14 पंच पद हेतु 26 मतदान केंद्रों पर चुनावी प्रक्रिया संपन्न की जाएगी. अधिसूचना जारी होने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता भी लागू हुई है.

मास्टर ट्रेनर डा. सर्वेश्वर उपाध्याय ने मतदान प्रक्रिया में उपयोग होने वाली ईवीएम और मतपेटियों के सही उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया. मास्टर ट्रेनर आनंद मंगल बोहरे ने प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की रीढ़ बताते हुए, अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करने की शपथ दिलाई गई.




## बस और बाइक भिड़ंत

**गौरझामर.** सागर से गौरझामर आ रही एक यात्री बस में एक मोटर साइकिल ने कृषि मंडी तिगरा के पास मोटरसाइकिल बस से टकरा गई. इस हादसे मे बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति जैसीनगर का रहवासी बताया गया जिसे तत्काल यात्रियो व लोगो की मदद से एंबूलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी उपचार हेतु भेजा है, जहां से उसे सागर रैफर किया गया. एक दिन पहले ही गौरझामर के रेंज आफिस के पास एक कार व मोटर साइकिल मे टक्कर हुई थी जिसमे बाइक चालक गंभीर रुप से घायल हो गया था, पुलिस ने बस को जप्त कर लिया है.

# शिशु एवं बाल आहार प्रबंधन पर वर्कशॉप

नवभारत न्यूज

**सागर 13 दिसंबर. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत डॉ. नीना गिडीयन क्षेत्रीय संचालक सागर संभाग की अध्यक्षता में शिशु एवं बाल आहार प्रबंधन का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ.**

कार्यक्रम के सहायक प्रशिक्षक डॉ. प्रिंस अग्रवाल द्वारा स्तनपान की शीघ्र शुरुआत का महत्व बताया. डॉ. बृजेश यादव द्वारा स्तनपान संवर्धन में प्रशासक एवं अस्पताल नेतृत्व की भूमिका आईएमएस अधिनियम का प्रभाव एवं प्रावधान पर प्रकाश डाला. डॉ. मधु जैन द्वारा पूरक आहार की गुणवत्ता सुधारने के व्यवहारिक उपाय बताए. प्राइवेट शिशु रोग विशेषज्ञों को भी निर्देशित किया गया कि वे अपने अस्पतालों में



प्रसव के बाद शीघ्र स्तनपान सुनिश्चित कराने, माताओं को सही परामर्श देने और नवजात की प्रारंभिक देखभाल में आईवाईसीएफ प्रोटोकॉल का पालन करने पर विशेष ध्यान दें.

कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी, डॉ. शालिनी हजेला, डॉ. जागृति नागर, डॉ. ललिता पाटिल, डॉ. अमित दुबे, डॉ. गायत्री नामदेव, डॉ. पी.एस. ठाकुर, डॉ. जयंत सिविल सर्जन, डॉ. संजोत माहेश्वरी, आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद, डॉ. अल्का केशरवानी, डॉ. मोना केशरवानी, डॉ. एस.आर. रोशन, डॉ. एम.पी. शर्मा, डॉ. सुशीला यादव, डॉ. सचिन मलैया, हुसैन खान उपस्थित रहे.

क्षेत्रीय संचालक डॉ. **नीना गिडीयन** ने कहा कि आईवाईसीएफ के सही क्रियान्वयन से मातृ-शिशु स्वास्थ्य में वास्तविक सुधार संभव है. प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी को फील्ड और अस्पताल दोनों स्तरों पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए.

# मेडिकल कॉलेज का फर्जी चिकित्सक पकड़ा

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 13 दिसंबर. स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में फर्जी दस्तावेज बनाकर महत्वपूर्ण हृदयरोग व कैंसर जैसे विभागों में सेवाएं दे रहे चिकित्सक के खिलाफ डिप्टी सीएमओ ने एफआईआर दर्ज करायी है.**

प्रकरण की जांच के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के आदेश पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी मेडीकल कॉलेज प्रधानाचार्य के नेतृत्व में जांच की गयी, जिसमें संविदा नौकरी के लिए आरोपी द्वारा दिये गये दस्तावेजों का मिलान किया गया, जो कि कथित तौर पर कूटरचित पाये गए. इस प्रकरण में डिप्टी सीएमओ डा.आर.एन.सोनी ने



कोतवाली पुलिस को अवगत कराया कि यूएसए के टेक्सास 76513 बेलटन में रहने वाली डा.सोनाली सिंह ने मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को अवगत कराया कि उनके भाई इंजीनियर अभिनव सिंह द्वारा पति डा.राजीव कुमार गुप्ता की पहचान एवं उनकी एमबीबीएस व एमडी की डिग्री चुराकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में नौकरी कर रहे हैं. मामला प्रकाश में आते ही अधिकारियों के भी होश फाख्ता हो गए. जांच के दौरान पाया गया कि अभिनव सिंह ने अपने जीजा डा.राजीव गुप्ता की एमबीबीएस एवं एमडी की डिग्री को कूटरचना कर अपने भौतिक व आर्थिक लाभ के लिए प्रयोग में लायी गयी.

## युकां ने दिया ज्ञापन

**सागर.** जिला युवा कांग्रेस ने बंडा विधानसभा मुख्यालय पर बिगड़ती कानून व्यवस्था व बढ़ते अपराधों के खिलाफ पुलिस महानिदेशक के नाम 06 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन में कहा कि जिले में पनप रहे अवैध शराब, जुआ, सट्टा, नशीलें पदार्थों के कारोबार सहित पुलिस थानों की दोष पूर्ण कार्य प्रणाली की जांच एस.आई. टी का गठन कर निष्पक्ष जांच कराई जाए. इस दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप चौधरी, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक प्रजापति, युवा कांग्रेस बंडा अध्यक्ष नितिन बाजपेयी, उपाध्यक्ष प्रदीप सोनी, साहिल खटीक आदि शामिल थे.

# बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न



नवभारत न्यूज

**सागर 13 दिसंबर. सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेल परिसर में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता के तहत अंडर-19 बालिका, अंडर-19 बालक एवं ओपन वर्ग के मुकाबले खेले गए.**

प्रतियोगिता में अंडर-19 बालिका एकल वर्ग में पावनी श्रीवास्तव और तनवी शर्मा ने सटीक शॉट्स और मजबूत डिफेंस के दम पर प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया. अंडर-19 बालिका युगल वर्ग में सचलीन कौर और समृद्धि की जोड़ी ने जीत दर्ज की. अंडर-19 बालक एकल वर्ग में अभय दुबे और अनुज तिवारी ने मुकाबले जीते. अनंत तिवारी, नमन मोहनानी ने भी जीत दर्ज की.